Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to provide water to Nohar-Sidhmukh area in Churu Parliamentary Constituency, Rajasthan from Bhakra main line-laid.

श्री राहुल कस्वां (चुरू): मेरे लोकसभा क्षेत्र चुरू (राजस्थान) के नोहर सिधमुख क्षेत्र हेतु बी.बी.एम.बी. के माध्यम से बहाव पद्धति पर सिंचाई हेतु 0.47 MAF पानी जारी किया गया था जिसमे से 0.30 MAF पानी एक्स नांगल से उपलब्ध करवाया जाएगा व बाकी बचा 0.17 MAF पानी इस क्षेत्र के क्षमता बहाली के पश्चात् भाखड़ा मेन लाइन से उपलब्ध करवाया जाएगा | राजस्थान सरकार द्वारा इस हेतु राशि दिए जाने की भी स्वीकृति जारी कर दी गई थी एवं पूर्ण क्षमता बहाली के पश्चात् राजस्थान सरकार द्वारा जब पानी उपलब्ध करवाए जाने हेतु बी.बी.एम.बी. की बैठक में प्रस्ताव रखा तब पंजाब व हरियाणा द्वारा पूर्ण क्षमता बहाली नहीं होने का बोलकर राजस्थान को यह 0.17 MAF पानी देने से मना कर दिया गया । यह पानी अगर हमारे क्षेत्र को उपलब्ध होता हैं तो इससे क्षेत्र के अनेक लोगों को सिंचाई के साथ साथ पीने का पानी भी उपलब्ध होगा और आज के समय यह बहुत ही आवश्यक भी हैं ।

मेरा सरकार से अनुरोध हैं कि बी. बी.एम. बी. को जल्द से जल्द निर्देशित किया जाए कि मेरे लोकसभा क्षेत्र के नोहर व सिधमुख क्षेत्र हेतु भाखड़ा मेन लाइन से 0.17 MAF पानी उपलब्ध करवाया जावे |

माननीय सभापति: अब आइटम नंबर 15, नियम 193 के अधीन चर्चा की जाएगी ।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : प्लीज़ अभी ज़ीरो ऑवर नहीं है ।

… (<u>व्यवधान</u>)

माननीय सभापति : आप स्पीकर साहब को बताइए, उनको दे दीजिए ।

… (<u>व्यवधान</u>)